
आमोखस व मिडिया की खबरों व प्रथम समाचार पत्र

RNI No. UPHIN/2012/47484




# जननायक सम्राट

उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों अलीगढ़ हाथरस ऐटा कासगंज बदायूं बुलंदशहर मथुरा आदि से प्रसारित व अलीगढ़ से प्रकाशित



बर्ष :13 अंक :450 पृष्ठ -4 दिनांक 12 अप्रेल 2025 दिन शनिवार

## प्रधानमंत्री मोदी पहुंचे वाराणसी, अधिकारियों से गैंग रेप मामले की ली जानकारी, सख्त कार्रवाई के दिए निर्देश



वाराणसी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शुक्रवार की सुबह वाराणसी के एक दिवसीय दौरे पर पहुंचे और अपने संसदीय क्षेत्र में हुए एक सामूहिक बलात्कार मामले के बारे में विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों ने इस मामले में शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने को कहा। उत्तर प्रदेश सरकार के एक बयान में यह जानकारी दी गई |इस बयान में कहा गया है कि वाराणसी में हवाई अड्डे पर विमान से उतरे प्रधानमंत्री को पुलिस आयुक्त, संभागीय आयुक्त और जिला मजिस्ट्रेट ने शहर में हाल ही में हुई बलात्कार की घटना के बारे में जानकारी दी। बयान के अनुसार, ''उन्होंने उन्हें दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई करने और भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए उचित कदम उठाने का निर्देश दिया।''इस मामला 19 वर्षीय महिला के साथ छह दिनों में 23 व्यक्तियों द्वारा कथित सामूहिक बलात्कार किए जाने का है। पुलिस के अनुसार, आरोपियों ने पीड़िता को नशीला पदार्थ दिया, उसे विभिन्न होटलों में ले जाया गया जहां उसके साथ बलात्कार किया गया। सोमवार की स्थिति के अनुसार, छह आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका था।


## उत्तराखंड में भारी बारिश को लेकर ऑरेंज अलर्ट . जारी, ओलावृष्टि व तेज हवाओं की संभावना

उत्तराखंड में मौसम का मिजाज लगातार बिगड़ता जा रहा है. बीते दिन से प्रदेश के कई हिस्सों में झमाझम बारिश हो रही है और आसमान में काले बादल छाए हुए हैं. इस बीच मौसम विभाग ने शुक्रवार को प्रदेश के सभी जिलों में बारिश की संभावना जताते हुए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है. विभाग ने लोगों से सतर्क रहने और अनावश्यक रूप से घरों से बाहर न निकलने की अपील की है.मौसम विज्ञान केंद्र, देहरादून के अनुसार राज्य के अधिकतर जिलों में तेज बारिश के साथ-साथ ओलावृष्टि और आकाशीय बिजली गिरने की संभावना है. विशेषकर उत्तरकाशी, चमोली, रुद्रप्रयाग, टिहरी, बा. गेश्वर और अल्मोड़ा जिलों में कहीं-कहीं गरज-चमक के साथ बारिश हो सकती है. वहीं, हरिद्वार, देहरादून, पौड़ी और उधम सिंह नगर में भी भारी बारिश के साथ ओलावृष्टि और 60-70 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की संभावना जताई गई है.नैनीताल, चंपावत और पिथौरागढ़ जिलों में भी मौसम का मिजाज तल्ख बना हुआ है. यहां गरज-चमक के साथ हल्की से मध्यम बा. रिश हो सकती है. वहीं पर्वतीय क्षेत्रों में ओलावृष्टि और झक्कड़ हवाओं के चलते लोगों को खासा नुकसान हो सकता है. राजधानी देहरादून की बात करें तो शुक्रवार को यहां आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे. कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश, ओलावृष्टि और आकाशीय बिजली गिरने की संभावना है. साथ ही तेज हवाएं 60-70 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से चल सकती हैं. अधिकतम तापमान 31 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 18 डिग्री सेल्सियस के आस-पास रहने की संभावना जताई गई है पहाड़ों की रानी मसूरी में गुरुवार को हुई तेज बारिश और ओलावृष्टि के कारण जन जीवन पूरी तरह से अस्त-व्यस्त हो गया. सड़कों पर पानी भर गया, कई स्थानों पर पेड़ गिरने और बिजली आपूर्ति बाधित होने की खबरें सामने आईं. बारिश के कारण तापमान में भारी गिरावट दर्ज की गई, जिससे स्थानीय लोगों और पर्यटकों को ठिठुरन का सामना करना पड़ा.आपदा प्रबंधन विभाग ने भी सभी जिलों को सतर्क रहने के निर्देश दिए हैं. प्रशासन द्वारा जरूरी इंतजाम करने की बात कही जा रही है. मौसम विभाग ने आम जनता को सतर्क रहने, मौसम संबंधी अपडेट पर नजर रखने और आवश्यकतानुसार ही घरों से बाहर निकलने की सलाह दी है. विशेष रूप से पहाड़ी क्षेत्रों में यात्रा कर रहे लोगों को सतर्क रहने और जोखिमपूर्ण क्षेत्रों से बचने की अपील की गई है.

## लखनऊ में बारिश के बाद मौसम सुहाना, ठंडी हवा का अहसास ,13 अप्रैल तक यूपी में बारिश की संभावना, तापमान में गिरावट

लखनऊरू यूपी का मौसम 11 अप्रैल 2025रू उत्तर प्रदेश में मौसम पूरी तरह से बदल गया है। राजधानी लखनऊ समेत कई जिलों में झमाझम बारिश दर्ज की गई है। लखनऊ में गुरुवार को सुबह से बादल गरजने के साथ ही तेज बारिश हुई है। जिसके बाद मौसम सुहाना हो गया है। रात को ठंडी हवा चली है। वहीं प्रदेश में बारिश होने की वजह से अधिकतम तापमान में भारी गिरावट दर्ज की गई है। लखनऊ, बाराबंकी, हरदोई, गोरखपुर, बहराइच, सुल्तानपुर और शाहजहांपुर समेत कई जिलों में अधिकतम तापमान 30 से नीचे लुढ़क गया है। वहीं मौसम विभाग की माने तो 13 अप्रैल तक प्रदेश में बारिश होने की संभावना जताई गई है ।11 अप्रैल को प्रदेश में बारिश होने की संभावना है। इस दौरान पश्चिमी यूपी में कहीं-कहीं पर हल्की से मध्यम बारिश होने के साथ ही गरज चमक के साथ ही बौछारें पड़ने की संभावना है। साथ ही पूर्वी यूपी में कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश के साथ ही गरज चमक के साथ बौछारें पड़ने के आसार जताए गए हैं। वहीं पश्चिमी यूपी में कहीं-कहीं पर बादल गरजने व बिजली चमकने के साथ ही 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से तेज झोंकेदार हवा चल सकती है, जबकि पूर्वी यूपी में 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से तेज झोंकेदार हवा चल सकती है ।मौसम विभाग की माने तो शुक्रवार को प्रयागराज, प्रतापगढ़, सोनभद्र, मिर्जापुर, चंदौली,वाराणसी, संतरविदास नगर, जा. ैनपुर, गाजीपुर और आजमगढ़ जिले में बादल गरजने व बिजली चमकने के साथ ही आंधी चलने की संभावना जताई गई है। साथ ही मऊ, बलिया, देवरिया, बस्ती, गोरखपुर, संतकबीर नगर, कुशीनगर, महाराजगंज, सिद्धार्थनगर, गोंडा, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, लखीमपुर खीरी, सीतापुर, हरदोई, फर्रुखाबाद, कन्नौज, कानपुर नगर में बादल गरजने व बिजली चमकने के साथ ही आंधी चलने के आसार जताए गए हैं ।वहीं उन्नाव, लखनऊ, बाराबंकी, रायबरेली, अमेठी, सुल्तानपुर, अयोध्या, अंबेडकरनगर, सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर जिले में बादल गरजने व बिजली चमकने के साथ ही आंधी चलने का आसार जताया गया है। साथ ही बागपत, मेरठ, गाजियाबाद, हापुड़, कासगंज, बिजनौर, अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर, संभल, बदायूं और उसके आ. सपास इलाकों में बादल गरजने व बिजली चमकने के साथ ही आंधी चलने की संभावना है ।अगले 24 घंटों के दौरान अधिकतम तापमान में 5-8की गिरावट आने की संभावना है। पूर्वी यूपी में कहीं-कहीं पर बहुत हल्की से हल्की बा. रिश और गरज चमक के साथ बौछारें पड़ सकती है।

## यूपी में खाकी शर्मसार, शादी का झांसा देकर दारोगा ने किया दुष्कर्म, युवती की तहरीर पर मुकदमा दर्ज



उत्तर प्रदेश में हाल के वर्षों में इस तरह के मामलों की संख्या में इजाफा देखा गया है, जहां वर्दीधारी या पदों पर बैठे लोग अपने पद का गलत इस्तेमाल कर मि. हलाओं को धोखा देने के आरोपों में घिरे हैं. आगरा में एक युवती ने यूपी पुलिस के एक दरोगा पर शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का गंभीर आरोप लगाया है. ट्रांस यमुना थाने में दर्ज कराई गई एफआ. ईआर के मुताबिक, युवती ने बताया कि वह टेढ़ी बगिया इलाके की रहने वाली है और 2022 में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के दौरान उसकी मुलाकात आरोपी अविनाश से हुई थी युवती के अनुसार, अविनाश ने खुद को सरकारी नौकरी की तैयारी करने वाला बताया था और इसी दौरान दोनों की नजदीकियां बढ़ीं. धीरे-धीरे वह प्रेमजाल में फंसी और फिर उसके साथ जबरन शारीरिक संबंध बनाए गए. जब युवती ने विरोध किया तो अविनाश ने शादी का झांसा देकर चुप करा दिया.एफआईआर में बताया गया है कि 2023 में जब अविनाश यूपी पुलिस में दरोगा के पद पर चयनित हो गया और गाजियाबाद के कौशांबी थाने में तैनात हुआ, तब उसके व्यवहार में अचानक बदलाव आने लगा. वह बात करने से कतराने लगा और मुलाकातें भी बंद कर दीं. संदेह होने पर युवती ने अविनाश का इंस्टाग्राम प्रोफाइल खंगाला, जहां से उसे पता चला कि दरोगा ने कहीं और सगाई कर ली है. इसके बाद युवती ने हिम्मत कर ट्रांस यमुना थाने में शिकायत दर्ज कराई. पुलिस ने शुरुआती जांच के बाद आरोपी दरोगा अविनाश के खिलाफ दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज कर लिया है. पुलिस के मुताबिक, पीड़िता की ओर से लगाए गए आरोपों की जांच की जा रही है और आगे की कार्रवाई नियमानुसार की जाएगी.उत्तर प्रदेश में हाल के वर्षों में इस तरह के मामलों की संख्या में इजाफा देखा गया है, जहां वर्दीधारी या पदों पर बैठे लोग अपने पद का गलत इस्तेमाल कर महिलाओं को धोखा देने के आरोपों में घिरे हैं. राज्य सरकार ने महिलाओं की सुरक्षा के लिए "मिशन शक्ति" जैसी कई योजनाएं चलाई हैं, लेकिन ऐसे मामले कानून व्यवस्था पर सवाल भी खड़े करते हैं.पुलिस अधिकारियों का कहना है कि यदि कोई पुलिसकर्मी दोषी पाया जाता है, तो उसके खिलाफ विभागीय कार्रवाई के साथ-साथ कानूनी कार्यवाही भी की जाएगी. पीड़िता को सुरक्षा और न्याय दिलाने का भरोसा दिलाया गया है. फिलहाल ट्रांस यमुना थाने में मामला दर्ज कर आगे की जांच जारी है. पुलिस अब आरोपी दरोगा अविनाश को नोटिस भेजकर पूछताछ के लिए बुला सकती है.

## लखनऊ गे-डेटिंग एप पर दोस्ती करना टीचर को पड़ा भारी, बदमाशों ने घर में बंधक बनाकर पहले पीटा फिर की लाखों की लूट

लखनऊ राजधानी लखनऊ के गाजीपुर थाना क्षेत्र में ट्यूशन टीचर को घर में बंधक बना कर दो बदमाशों ने करीब 3 लाख रुपये और पर्स लूट लिया। गे-डेटिंग एप से दोस्त बनकर बदमाश मुलाकात के बहाने शिक्षक के घर आया था ।कुछ देर बाद आरोपी ने कॉल कर साथी को भी ट्यूशन टीचर के घर बुला लिया। जिसके बाद बदमाशों ने हाथ, मुंह बांधने के बाद आंख पर पट्टी बांधकर बुरी तरह से पीटा। फिर अलमारी की चाभी छीन कर तीन लाख रुपये लूट कर बदमाश फरार हो गए। किसी तरह बंधन मुक्त हुए पीड़ित ने गाजीपुर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। इसके बाद आरोपियों ने टीचर की पिटाई शुरू कर दी। मारपीट करते हुए उनसे घर में रखे जेवर और रुपयों के बारे में पूछा। जवाब नहीं देने पर पिटाई कर टीचर से अलमारी की चाभी छीन ली। जिसके बाद अलमारी में रखे करीब 3 लाख रुपये और एक पर्स लूट लिए ।वारदात को अंजाम देने के बाद दोनों बदमाश फरार हो गए। किसी तरह से बंधन मुक्त होकर टीचर ने शाम करीब 6रू30 बजे डॉयल-112 पर कॉल कर सूचना दी। जानकारी मिलते ही गाजीपुर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने तहरीर के आधार पर दो अज्ञात बदमाशों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## नई काशी को देखने के लिए हर श्रद्धालु है उतावला , वाराणसी में बोले सीएम योगी

वाराणसी। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को कहा कि पिछले 11 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व और मार्गदर्शन में काशी का जो विकास हुआ है उस नई काशी को, उसके नए कलेवर को देखने के लिए पूरे देश के श्रद्धालु उमड़ रहे हैं। महाकुंभ के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पहली बार अपने संसदीय क्षेत्र काशी आगमन पर सीएम योगी ने कहा कि हर किसी ने पिछले 11 वर्ष में बदलती हुई काशी को देखा है। यह वही काशी है, जो संकरी गलियों के लिए जानी जाती थी, अपने जाम के लिए जानी जाती थी। काशी शिक्षा का प्राचीन केंद्र रही है, लेकिन अस्त-व्यस्त पड़े शिक्षा के केंद्रों के साथ ही स्वास्थ्य के लिए, पर्यटन के लिए, कनेक्टिविटी के लिए पिछले 11 वर्षों में यहां 50000 करोड रुपए से अधिक की परियोजनाएं आई हैं। आज भी प्रधानमंत्री के कर कमलों से काशी में लगभग 4000 करोड़ की परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण हो रहा है। इस अवसर पर उन्होने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को राधा-कृष्ण की लीलाओं से आच्छादित अंगवस्त्र पहनाकर और स्मृति चिन्ह के रूप में वाराणसी की जीआई टैग प्राप्त काष्ठकला से निर्मित कमल छत्र भेंट कर उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा, महाराष्ट्र और दिल्ली विधानसभा चुनावों में ऐतिहासिक विजय के साथ ही दिव्य और भव्य महाकुंभ के आयोजन के उपरांत प्रधानमंत्री की यह पहली काशी यात्रा है। दिव्य और भव्य महाकुंभ के इस आयोजन में काशी भी इसका साक्षी बना। देश और दुनिया से आने वाला हर श्रद्धालु पिछले 11 वर्ष में प्रधानमंत्री के नेतृत्व और मार्गदर्शन में इस नई काशी और बाबा विश्वनाथ की पावन धरा को नए कलेवर के रूप में देखने को उतावला दिखाई दे रहा था। 45 दिनों के इस आयोजन के अवसर पर काशी में भी एक महा समागम दिखाई दे रहा था और इस दौरान 3 करोड़ से अधिक श्रद्धालु यहां पर आकर बाबा विश्वनाथ के पावन धाम में दर्शन करके पुण्य के भागीदार बने। महाकुंभ की सफलता, उसकी भव्यता और उसकी दिव्यता प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन और नेतृत्व में एक नई ऊंचाई को छूती हुई दिखाई दी। यह सब संभव हुआ है स्वच्छता के प्रति प्रधानमंत्री ने जो गाइडलाइन दी और सुरक्षा के प्रति सतर्कता के बारे में जो निर्देश दिए उसका पालन करके। उन्होंने कहा कि नमामि गंगे परियोजना के बाद हर श्रद्धालु जिसने मां गंगा, मां यमुना और मां सरस्वती की त्रिवेणी में डुबकी लगाई उसने अपने आप को अभिभूत होता हुआ पाया। नमामि गंगे परियोजना की सफलता के कारण महाकुंभ भी आज सफल हुआ है। मुख्यमंत्री ने कहा कि काशी और उत्तर प्रदेश के उत्पादों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्रदान करने के लिए प्रधानमंत्री के प्रयास सार्थक साबित हुए हैं। काशी और उसके अगल-बगल के जनपदों को सर्वाधिक जीआई टैग अब तक प्राप्त हो चुके हैं और उत्तर प्रदेश, देश के अंदर जीआई टैग में नंबर एक स्थान हासिल कर रहा है। प्रधानमंत्री के कर कमलों से आज 21 नए जीआई टैग के सर्टिफिकेट भी प्रदान किए जा रहे हैं। स्थानीय हस्तशिल्पियों और कारीगरों के उत्पादों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक नई पहचान दिलाने के लिए यह प्रयास किए गए हैं। यही नहीं, आयुष्मान भारत एक गरीब को स्वास्थ्य की सुविधा उपलब्ध कराने में मील का पत्थर साबित हुआ है। देश के अंदर 50 करोड़ से अधिक लोग तो उत्तर प्रदेश में 10 करोड़ से अधिक लोग इस योजना से सीधे-सीधे लाभान्वित हुए हैं। उत्तर प्रदेश में ही नहीं बल्कि देश के अंदर अब तो वय वंदना योजना कार्ड के माध्यम से 70 वर्ष से अधिक उम्र के प्रत्येक बुजुर्ग को पांच लाख रुपये की स्वास्थ्य सुविधा प्रदान की गई है और काशी में अब तक 50,000 से अधिक बुजुर्गों ने इसका कार्ड भी बनवाया है। योगी ने कहा कि काशी के विकास से जुड़ी हुई महत्वपूर्ण परियोजना बनास डेयरी के माध्यम से यहां के अन्नदाता किसानों और पशुपालकों को जोड़ने का अभिनव कार्य हुआ है। उस कार्यक्रम के तहत उन पशुपालकों को बोनस भी आज प्रधानमंत्री जी के कर कमलों से प्रदान किया जा रहा है, जिन्होंने बनास डेयरी की काशी की इस इकाई से जुड़कर वैल्यू एडिशन के माध्यम से लाभांश अर्जित किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि काशी की इन सभी योजनाओं को, चाहे वह पर्यटन से जुड़ी हों, शिक्षा से जुड़ी हों, स्वास्थ्य से जुड़ी हों, कनेक्टिविटी से जुड़ी हो या फिर अन्नदाता किसान और हस्तशिल्पियों से जुड़ी हों, इन सभी के लिए आपकी अपनी काशी में काशीवासियों की ओर से और प्रदेशवासियों की ओर से हृदय से आभार प्रकट करता हूं। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्री मोदी के अलावा उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदी बेन पटेल,उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक, गुजरात विधानसभा के अध्यक्ष शंकर भाई चौधरी, भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह मौजूद रहे।

## स्वैग दिखाना वकील साहब को पड़ा भारी, हाई कोर्ट ने सुना दी 6 महीने जेल की सजा, मामला जान कर आपभी रह जाएंगे हैरान

लखनऊ इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ ने अदालत के समक्ष बगैर गाउन और कमीज के खुले बटन के साथ पेश होने के मामले में बृहस्पतिवार को स्थानीय वकील अशोक पांडे को अदालत की अवमानना का दोषी ठहराते हुए उन्हें छह महीने की सजा सुनाई। यह मामला तब शुरू हुआ जब वह अदालत में वकील का गाउन पहने बिना पेश हुए और उनकी कमीज के बटन खुले हुए थे। पीठ ने पांडे पर 2,000 रुपये का जुर्माना भी लगाया, साथ ही एक महीने के भीतर जुर्माना न चुकाने पर एक महीने की अतिरिक्त जेल की सजा भी सुनाई। पांडे को लखनऊ के मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के समक्ष आत्मसमर्पण करने के लिए चार सप्ताह का समय दिया गया है। यह फैसला न्यायमूर्ति विवेक चौधरी और न्यायमूर्ति बी आर सिंह की खंडपीठ ने पांडे के अदालत में व्यवधान पैदा करने वाले आचरण के बाद 2021 में दायर की गई आपराधिक अवमानना याचिका पर सुनाया। जेल की सजा के अलावा, पीठ ने पांडे को 'कारण बताओ' नोटिस जारी किया, जिसमें पूछा गया है कि उन्हें इलाहाबाद उच्च न्यायालय और इसकी लखनऊ पीठ में पेशेवर वकील के रूप में कार्य करने से क्यों नहीं रोका जाना चाहिए। उन्हें एक मई तक जवाब देना है। स्वतरू संज्ञान लेकर अवमानना की कार्यवाही उस घटना के बाद शुरू की गई जब पांडे 18 अगस्त, 2021 को कथित तौर पर अनुचित पोशाक में अदालत में पेश हुए और न्यायाधीशों के साथ कथित तौर पर दुर्व्यवहार किया। जब उनकी उपस्थिति को चुनौती दी गई और उन्हें जाने के लिए कहा गया तो उन्होंने न्यायाधीशों को 'गुंडा' कहा। कई अवसर दिए जाने के बावजूद, पांडे ने अवमानना के आरोपों का कभी जवाब नहीं दिया। अदालत ने 2017 में उच्च न्यायालय परिसर से दो साल के लिए प्रतिबंधित किये जाने सहित उनसे जुड़ी पिछली अवमानना कार्यवाही के ब्योरे पर भी गौर किया।

# हाथरस में सड़क किनारे पड़ा मिला युवक का शव

## दोस्त से साथ बाइक लौटाने गया था, परिजनों ने हत्या की आशंका जताई



हाथरस के एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। सुदीप कॉलोनी निवासी 19 वर्षीय नितिन कुमार अपने साथी धर्मवीर के साथ बहनोई की बाइक लौटाने जलेसर गया था। वापसी के दौरान नितिन हाथरस–जलेसर रोड पर गंभीर रूप से घायल मिला।यह दोनों वहां से पैदल लौट रहे थे। नितिन ढलाई का काम करता था। स्थानीय लोगों ने उसे तुरंत जलेसर के अस्पताल पहुंचाया और परिवार को सूचित किया। परिजन उसे जिला अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।पुलिस कर रही मामले की जांच पड़ताल... नितिन के साथ गए धर्मवीर को भी जिला अस्पताल लाया गया। उसे मामूली चोटें आई हैं। मृतक के परिवार ने धर्मवीर पर हत्या का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि नितिन का साथ गया धर्मवीर कुछ भी स्पष्ट रूप से नहीं बता रहा। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

# सास–बहू का झगड़ा हुआ और गाय का दाना–पानी बंद, 24 घंटे तक कमरे में किया लॉक

हाथरस : उत्तर प्रदेश के हाथरस जिले में सास–बहू के झगड़े का अजीब मामला सामने आया है जहां सास और बहु के बीच किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया।इससे गुस्साई बहु ने एक गाय को कमरे में बंद कर दिया और 24 घंटे तक खाने को चारा पानी भी नहीं दिया। इस दौरान गाय भूख–प्यास से तड़पती रही। कमरे से आवाज लगाती रही। आसपास के लोगों ने जब गाय की आवाज बंद कमरे से सुनी तो मामले की सूचना पुलिस को दी गईञ पुलिस ने मौके पर पहुंचकर गाय को बंद कमरे से मुक्त कराया और चारा पानी खिलवाया। दरअसल, मुरसान कस्बे में नया बिजली घर के पास रहने वाले एक परिवार में सास–बहू के बीच विवाद हो गया। गुस्से में बहू ने घर की गाय को एक कमरे में बंद कर दिया। गाय को पूरे 24 घंटे तक न तो चारा मिला और न ही पानी दिया। इस दौरान गाय परेशान होकर भीतर से आवाज लगाती रही। लेकिन, किसी ने उसे बाहर नहीं निकाला। स्थानीय लोगों ने इस मामले की जानकारी पुलिस को दी। सूचना मिलते ही हाथरस पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए कमरे में बंद गाय को बाहर निकलवाया। पुलिस ने परिवार के सदस्यों से पूछा कि गाय का क्या कसूर था? उसे इतने लंबे समय तक भूखा–प्यासा क्यों रखा गया? इस पर कोई कुछ भी जवाब नहीं दे पाया।पुलिस ने परिवार के सदस्यों को समझाया? इस प्रकार से झगड़ा करने और बेजुबान पर अत्याचार के मामले में कानूनी कार्रवाई की चेतावनी। गाय के लिए चारे–पानी की व्यवस्था करने का निर्देश दिया। पुलिस के हस्तक्षेप के बाद गाय को राहत मिली। उसके लिए चारे और पानी की व्यवस्था की गई।

# मस्जिद में जानवर का सिर मिलने से तनावरूपुलिस की कड़ी सुरक्षा में हुई जुमे की नमाज, राणा सांगा की पदयात्रा भी जारी

आगरा की शाही जामा मस्जिद में एक बैग में जानवर का कटा सिर मिलने से मुस्लिम समाज में आक्रोश फैल गया। इस घटना के बाद पुलिस प्रशासन अलर्ट हो गया।सादाबाद और सहपऊ कस्बे में जुमे की नमाज के दौरान पुलिस ने कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की। देहात क्षेत्र की मस्जिदों में भी पुलिस तैनात रही। शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस की गाड़ियां लगातार गश्त करती रहीं।इसी दौरान राणा सांगा के जन्मदिन के उपलक्ष्य में बुलंदशहर से निकली पदयात्रा भी क्षेत्र से गुजर रही है। 12 अप्रैल को मनाए जाने वाले इस जन्मदिन को लेकर भी प्रशासन सतर्क है।सीओ सादाबाद हिमांशु माथुर ने बताया कि क्षेत्र में पूरी तरह शांति है। उन्होंने कहा कि मस्जिद में मिले जानवर के सिर को लेकर स्थानीय मुस्लिम समाज में कोई आक्रोश नहीं है। सभी लोग सौहार्दपूर्ण माहौल में रह रहे हैं। पदयात्रा को लेकर भी किसी अप्रिय घटना की आशंका नहीं है।प्रशासन ने चेतावनी दी है कि शांति भंग करने की कोशिश करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुलिस शरारती तत्वों पर विशेष नजर रखे हुए है।

# हाथरस में आज अंबेडकर पार्क आयोजित भाजपा का चलो गांव की ओर अभियान का आयोजन हुआ

हाथरस में आज अंबेडकर पार्क आयोजित भाजपा का चलो गांव की ओर अभियान का आयोजन हुआ। इस कार्यक्रम में प्रदेश की कैबिनेट मंत्री और जिले की प्रभारी मंत्री बेबी रानी मौर्य शामिल हुई। उन्होंने डॉ. बीआर अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। कार्यक्रम में सांसद अनूप प्रधान, विधायक अंजुला सिंह माहौर, भा. जपा जिलाध्यक्ष शरद माहेश्वरी भी मौजूद थे।कार्यक्रम के संयोजक विजेंद्र सिंह ने जिले की प्रभारी मंत्री को बताया कि वह इस पार्क के जीर्णोद्धार के लिए कई बार अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों को पत्र भेज चुके हैं। लेकिन अभी तक इस पार्क का जीर्णोद्धार नहीं हुआ है। इसलिए आज आसपास के समाज के लोग इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए नहीं आए हैं।इस पर प्रभारी मंत्री ने नाराजगी जताई। उन्होंने कहा– आज हम वोट मांगने नहीं आए थे। हम बाबा साहब को माल्यार्पण करने के लिए आए थे। कार्यक्रम में सभी को आना चाहिए था। उन्होंने कहा– हमारी सरकार तो चाहती है कि सब काम हों, लेकिन यह अधिकारी गड़बड़ी करते हैं। इनको ठीक करना पड़ेगा।अधिकारी कुछ ना कुछ टांग अड़ा देते हैं उन्होंने सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित पत्रक लोगों को वितरित करते हुए कहा– इन गरीब कल्याणकारी योजनाओं को पढ़ लेना। यह बताना कि इनमें कौन से कम हो रहे हैं और कौन से नहीं हो रहे। जो काम नहीं हो रहे तो उस बारे में हमें बताना। हम जो काम नहीं हो रहे होंगे हम डीएम से कराएंगे। यदि नहीं होंगे तो प्रदर्शन करेंगे। कार्यालय घेरेंगे। अपने अधिकारियों की और स्वाभिमान की लड़ाई आखिर क्यों नहीं लड़ेंगे।उन्होंने कहा– भा. जपा ने ही बाबा साहब को सम्मान दिया है और पार्टी उन्हें की विचारधारा पर चल रही है। विपक्षी दल संविधान बदलने की बात कहकर बरगला रहे हैं। इसलिए इनकी बातों में ना आए। कार्यक्रम को सांसद अनूप प्रधान, विधायक अंजुला सिंह माहौर, भाजपा जिला अध्यक्ष शरद माहेश्वरी आदि ने संबोधित किया। संचालन चौ. विजेंद्र सिंह ने किया। इस मौके पर रामवीर सिंह भैया जी, सुनीता सिंह, पंकज प्रेमाकर, राहुल सिंह आदि काफी लोग मौजूद थे।अंबेडकर पार्क के जीर्णोद्धार के मुद्दे को उठाते विजेंद्र सिंह। प्रभारी मंत्री व अन्य जनप्रतिनिधियों का होता स्वागत। जनकल्याणकारी योजनाओं के पत्रक बा. ंटती जिले की प्रभारी मंत्री। कार्यक्रम को संबोधित करती जिले की प्रभारी मंत्री।

# निजी स्कूलों की मनमानी के खिलाफ कांग्रेस .का प्रदर्शन हाथरस में कलेक्ट्रेट पहुंचकर सौंपा ज्ञापन, संघर्ष का ऐलान

हाथरस में कांग्रेस पार्टी ने निजी स्कूलों की मनमानी के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। मोहनगंज स्थित कैम्प कार्यालय पर कांग्रेसियों की एक सभा आयोजित की गई। सभा की अध्यक्षता अशोक गुप्ता ने की, जबकि संचालन पूर्व जिला प्रवक्ता डॉ. मुकेश चन्द्रा ने किया। जिलाध्यक्ष विवेक उपाध्याय ने कहा कि कांग्रेस निजी स्कूलों की मनमानी रोकने के लिए सड़क से संसद तक लड़ाई लड़ेगी।शहराध्यक्ष योगेश कुमार ओके ने आरोप लगाया कि सरकार के संरक्षण में निजी स्कूल संचालक अभिभावकों का शोषण कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि स्थानीय प्रशासन सरकारी दबाव के कारण कार्रवाई नहीं कर पा रहा है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जुलूस निक. ालकर जिलाधिकारी कार्यालय का रुख किया। जिलाधिकारी की अनुपस्थिति में उपजिलाधिकारी मनीष चौधरी को ज्ञापन सौंपा गया।इस दौरान करुणेश मोहन दीक्षित, अवधेश बख्शी, संजीव आंधीवाल, अजीत गोस्वामी, हरिशंकर शर्मा, मुकेश चंद्रा, कपिल सिंह, चाँद कुरैशी समेत कई कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे। कांग्रेस नेताओं ने चेतावनी दी कि जब तक अभिभावकों की समस्याओं का समाधान नहीं होगा, तब तक पार्टी निजी स्कूलों की मनमानी के खिलाफ आंदोलन जारी रखेगी।

# मौसम बदलने से बढ़े मरीजरूसासनी में एक दिन में 105 रेबीज के मरीज, फरौली में डेंगू की जांच जारी

सासनी के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर मरीजों की भारी भीड़ उमड़ रही है। मौसम परिवर्तन के कारण बीमार लोगों की संख्या में वृद्धि हुई है। सुबह से ही मरीज पर्चा बनवाने के लिए कतार में खड़े हैं।क्षेत्र के फरौली गांव में अधिकांश घरों में बुखार के मरीज मिले हैं। चिकित्सकों ने गांव में विशेष स्वास्थ्य शिविर लगाकर मरीजों की डेंगू और अन्य बीमारियों की जांच की है।सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी डॉक्टर दलबीर सिंह रावत ने लोगों को सावधानियां बरतने की सलाह दी है। उन्होंने कहा कि मौसम बदलाव के दौरान फुल बाजू के कपड़े पहनें। मच्छरदानी का प्रयोग करें। खाली पेट घर से न निकलें। धूप से बचें। मच्छरों से सुरक्षा के उपाय करें। तेज बुखार आने पर तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सक से परामर्श लें।

# हाथरस नगर पालिका के सभागार कक्ष में बैठक हुई

हाथरस नगर पालिका के सभागार कक्ष में आज महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में वित्तीय वर्ष 2025–26 का बजट पारित किया गया। सभासदों ने अपने क्षेत्र की कईसमस्याओं को उठाया। गर्मी के मौसम में पेयजल आपूर्ति, जलभराव और सफाई व्यवस्था प्रमुख मुद्दे रहे। कई सभासदों ने अपने क्षेत्रों में विकास कार्यों की कमी पर चिंता जताई।बैठक के दौरान कई बार हंगामा भी हुआ। कुछ महिला सभासदों के पतियों के बैठक में प्रवेश करने की कोशिश से भी हंगामा खड़ा हो गया। नगर पालिका में फर्जी एफडीआर का मुद्दा भी चर्चा का विषय रहा। यह मुद्दा भी बैठक में जोर–जोर से उठा। सभासदों में आपस में भी तड़का भड़की हुई। बैठक में 45 में से ज्यादातर प्रस्ताव पास हो गए।यह रहे मुख्य रूप से मौजूद... नगर पालिका अध्यक्ष श्वेता दिवाकर की अध्यक्षता में हुई बैठक में अधिशासी अधिकारी समेत कई अधिकारी मौजूद थे। सभासदों में सुंदरम शर्मा, सुनील पंडित, मनीष अग्रवाल, विमलेश चौधरी, धर्मेंद्र कुमार, अतुल चौधरी, रामजीलाल वर्मा, नवीन सबलोक, अजय राज सहित अन्य सभासद उपस्थित रहे।

# हाथरस के मुगलगढ़ी में भोले बाबा के सत्संग के दौरान हुई भगदड़ के मामले में शुक्रवार को सुनवाई नहीं हो सकी

हाथरस के मुगलगढ़ी में भोले बाबा के सत्संग के दौरान हुई भगदड़ के मामले में शुक्रवार को सुनवाई नहीं हो सकी। आरोपियों के वकील एपी सिंह न्यायालय में उपस्थित नहीं हुए। पिछले साल मुगलगढ़ी में हुई इस भगदड़ में पुलिस रिकॉर्ड के मुताबिक 121 लोगों की जान चली गई थी।इस हादसे में 150 से अधिक लोग घायल हुए थे। पुलिस ने मामले में देव प्रकाश मधुकर समेत 11 लोगों को आरोपी बनाया है। सभी आरोपियों के खिलाफ न्यायालय में चार्जशीट दाखिल की जा चुकी है। न्यायिक जांच आयोग भी शासन को अपनी रिपोर्ट दे चुका है।भोले बाबा का नाम नहीं है चार्जशीट में उल्लेखनीय है कि भोले बाबा का नाम न तो मुकदमे में दर्ज किया गया और न ही चार्जशीट में शामिल किया गया है। वर्तमान में सभी आरोपियों पर चार्ज फ्रेम करने की प्रक्रिया चल रही है। अब इस मामले में अगली सुनवाई 18 अप्रैल को होगी।

# सुमन के खिलाफ प्रार्थना पत्र पर सीओ को जांच के आदेश, 21 को होगी अगली सुनवाई

सपा सांसद ने सच्चे राष्ट्रभक्त, हिंदुत्व के पुरोधा, वीर शिरोमणि, सनातन धर्म के संरक्षक राणा सांगा का अपमान एवं उनकी प्रतिष्ठा को धूमिल कर उन्हें व उनके समस्त समाज को इरादतन अपमानित एवं बेइज्जत किया है, जो अपराध है।महाराणा सांगा पर विवादित टिप्पणी कर घिरे सपा के राज्यसभा सदस्य रामजीलाल सुमन के खिलाफ दाखिल प्रार्थना पत्र पर एमपीध्एमएलए कोर्ट में 10 अप्रैल को फिर सुनवाई हुई। न्यायालय ने इस मामले में क्षेत्राधिकारी को प्रारंभिक जांच करने के आदेश दिए हैं। न्यायालय ने कहा है कि जब तक विपक्षी के विरुद्ध संज्ञान न लिया जाए या उसे विचारण के लिए तलब न किया जाए तो विपक्षी को ऐसे मामले में किसी भी प्रकार से अपनी प्रतिरक्षा का अधिकार नहीं है। न्यायालय ने इस मामले में अगली सुनवाई के लिए 21 अप्रैल की तिथि नियत की है। थाना हाथरस गेट क्षेत्र के गांव हतीसा निवासी मतेंद्र सिंह गहलोत ने एमपीध्एमएलए कोर्ट दीपकनाथ सरस्वती के न्यायालय में प्रार्थना पत्र दाखिल किया था, जिसमें आरोप है कि सपा सांसद रामजीलाल सुमन ने राज्यसभा में जानबूझकर उनके और उनके समाज के पूर्वज महाराणा संग्राम सिंह उर्फ राणा सांगा को सदन में गद्दार बताकर अपमानजनक गाली दी। आरोप है कि उसके बाद सुमन ने 22 मार्च को अपने कथन पर मांगे स्पष्टीकरण में पुनः सोशल मीडिया के माध्यम से सामाजिक सौहार्द को बिगाड़ने, जातीय संघर्ष फैलाने, सस्ती लोकप्रियता बटोरने की खातिर भड़काऊ बयान देकर भावनाओं को आहत करने के इरादे से सदन में दिए गए वक्तव्य को सही ठहराते हुए अपनी टिप्पणी की पुष्टि की। आरोप है कि सपा सांसद ने सच्चे राष्ट्रभक्त, हिंदुत्व के पुरोधा, वीर शिरोमणि, सनातन धर्म के संरक्षक राणा सांगा का अपमान एवं उनकी प्रतिष्ठा को धूमिल कर उन्हें व उनके समस्त समाज को इरादतन अपमानित एवं बेइज्जत किया है, जो अपराध है।

आवश्यकता है
हिन्दी साप्ताहिक समाचार पत्र जननायक सम्राट के लिए जिला ब्यूरो चीफमंडल ब्यूरो चीफ ब्लाक ,ब्यूरो संवाददाता की आवश्यकता है।
सम्पर्क करें -
अमित कुमार वर्मा -संम्पादक
मो:-8218049162,8273402499



# प्रमुख तीर्थ स्थलों के समग्र विकास के लिए प्रमुख सचिव धर्मार्थ कार्य ने की वीडियो कांफ्रेंसिंग

## डीएम–सीडीओ धर्मार्थ मार्गों के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण, नवीन मार्गों के निर्माण, पब्लिक एम्निटीज एवं पार्किंग सुविधाओं के विकास, भूमि क्रय संबंधी भेजें प्रस्ताव

अलीगढ़ जिलों के प्रमुख तीर्थ स्थलों के समग्र विकास के लिए उत्तर प्रदेश शासन द्वारा प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए गए हैं। प्रमुख सचिव धर्मार्थ कार्य मुकेश मेश्राम द्वारा वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से सभी डीएम–सीडीओ को निर्देश दिए गए हैं कि जिले में धर्मार्थ मार्गों के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण, नवीन मार्गों के निर्माण, पब्लिक एम्निटीज एवं पार्किंग सुविधाओं के विकास, भूमि क्रय के प्रस्ताव, आइ

पीआईएस पोर्टल पर समेकित सूचना फीडंग समेत राजकीय एवं सार्वजनिक मंदिरों की सही सूचना एवं विवरण एकत्रित कर उचित प्रस्ताव भेजे जाएं।प्रमुख सचिव उत्तर प्रदेश शासन मुकेश मेश्राम ने बताया कि श्रद्धालुओं को बेहतर आवागमन की सुविधाएं उपलब्ध कराए जाने के लिए प्रदेश सरकार दृढ़ संकल्पित है। प्रदेश भर के सभी जिलों के लिए चालू वित्तीय वर्ष में लगभग 3100 करोड़ तक के प्रस्ताव प्राप्त किए जा सकेंगे। उन्होंने बताया कि भारतीय संस्कृति एवं पौराणिक महत्व वाले प्राचीन मंदिरों, जहां प्रतिवर्ष 05 लाख श्रद्धालु पहुँचते हों, विभिन्न प्रकार की सुविधाओं को विकसित किए जाने का प्रदेश सरकार द्वारा निर्णय लिया गया है। उन्होंने बताया कि महत्वपूर्ण मंदिरों के साथ ही बौद्ध स्थलों, जैन तीर्थ स्थलों, कबीर मठ, रविदास मंदिर, बौद्ध विहार, बाल्मीकी मंदिरों सहित नाथ सम्प्रदाय से जुड़े धार्मिक स्थलों के समग्र विकास के लिए प्रस्ताव जल्द से जल्द उपलब्ध कराए जा सकते हैं।मुकेश मेश्राम प्रमुख सचिव धर्मार्थ कार्य ने बताया कि पूर्व में जहां संपर्क मार्गों की मरम्मत कराए जाने का प्राविधान था, वहीं चालू वित्तीय वर्ष में सड़क चौड़ीकरण के साथ नवीन सड़कों का भी निर्माण कराया जाएगा। सड़कों के किनारे समुचित एवं सुरक्षित उच्चस्तरीय प्रकाश व्यवस्था, ड्रैनेज व्यवस्था, पाथ–वे, साइनेज, सघन वृक्षारोपण के कार्यों को भी प्रस्तावों में सम्मिलित किया जाए। धार्मिक स्थलों के आसपास पब्लिक सुविधाएं, फूड कोर्ट, कैंटीन, लॉकर रूम, धर्मशालाएं, डोरमैट्री निर्माण के लिए नजूल या दान की भूमि समेत आवश्यकतानुसार भूमि को क्रय करने का भी प्राविधान किया गया है। धार्मिक दृष्टि से मान्य नदियों के किनारे भजन संध्या एवं सत्संग स्थल बेदिकाएं आदि भी बनाए जा सकेंगे। सार्वजनिक एवं राजकीय मंदिरों की सम्पूर्ण जानकारी आईपीआईएस पोर्टल पर आपलोड करने के निर्देश देते हुए सार्वजनिक एवं राजकीय मंदिरों की स्थिति, व्यवस्थापन, आय–व्यय विवरण संबंधी सूचनाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।वीडियो कांफ्रेंसिंग में जिलाधिकारी संजीव रंजन, सीडीओ प्रखर कुमार सिंह, डीडीओ आलोक आर्य, एडी सूचना संदीप कुमार, एक्सईएन पीडब्लूडी संजीव पुष्कर उपस्थित रहे।

## जिले में पर्यटन विकास की 5389.65 लाख की 06 परियोजनाएं हुई स्वीकृत

अलीगढ़ जिले में पर्यटन विकास की असीम संभावनाएं हैं। प्रदेश सरकार द्वारा पर्यटकों और श्रद्धालुओं को आकर्षित किए जाने एवं उन्हें पर्यटन सुविधाओं का लाभ सुनिश्चित कराने के लिए वित्तीय वर्ष 2024–25 में जिले में 5389.65 लाख की 06 परियोजनाओं को स्वीकृत किया गया है। जिलाधिकारी संजीव रंजन ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि इन परियोजनाओं के पूर्ण होने से जिले में पर्यटन अवस्थापना सुविधाओं के विकास के साथ–साथ पर्यटकों एवं श्रद्धालुओं के आवागमन में बढ़ोत्तरी होगी। जिला पर्यटन अधिकारी डी0के0 शर्मा ने जिले में 5389.65 लाख रूपये की 06 परियोजनाओं को स्वीकृत किया गया है। उन्होंने विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि स्वीकृत कार्यों में 4946.87 लाख से फूड क्राफ्ट इंस्टीट्यूट को उच्चीकृत कर स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट की स्थापना के साथ ही मा0 सांसद श्री सतीश कुमार गौतम द्वारा प्रस्तावित विधानसभा बरौली के ब्लॉक चण्डौस में 122.39 लाख से भोजताल का पर्यटन विकास, मा0 विधायक छर्रा ठा0 रवेन्द्र पाल द्वारा प्रस्तावित ब्लॉक अकराबाद में 51.92 लाख से दभौरा हंसगढ़ी के मध्य प्राचीन शिव मंदिर (वनखण्डी मंदिर) का विकास, मा0 बेसिक शिक्षा मंत्री एवं विधायक अतरौली श्री संदीप सिंह द्वारा प्रस्तावित ब्लॉक बिजौली में 95.96 लाख से बिजौली स्थित महादेव मंदिर परिसर का विकास, मा0 विधायक कोल श्री अनिल पाराशर द्वारा प्रस्तावित 73.94 लाख से जीटी रोड नौरंगाबाद स्थित नव देवी दुर्गा मंदिर का विकास, मा0 विधायक शहर श्रीमती मुक्ता संजीव राजा द्वारा प्रस्तावित 98.57 लाख से श्री अचलेश्वर महादेव मंदिर में पर्यटन सुविधाओं के सृजन के कार्य शामिल हैं।

## स्वरोजगार स्थापना के लिए सर्वाधिक आवेदन निरस्त करने वाली बैंक पहुंच डीएम एवं सीडीओ ने की कड़ी पूछताछ

अलीगढ़ जिले में स्वरोजगार स्थापना के तहत युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए संचालित योजनाओं की समीक्षा के दौरान यह तथ्य सामने आया था कि एसबीआई बैंक शाखा चंडौस एवं गभाना द्वारा सर्वाधिक संख्या में आवेदन पत्रों को अस्वीकृत किया जा रहा है। शुक्रवार को जिला मजिस्ट्रेट संजीव रंजन एवं मुख्य विकास अधिकारी प्रखर कुमार सिंह ने संबंधित बैंक पहुंचकर आवेदनपत्र निरस्त किए जाने की वजह जानी। डीएम ने बताया कि सरकार द्वारा युवाओं को स्व रोजगार स्थापना के उद्देश्य से विभिन्न योजनाएं चलाई जा रही हैं, परंतु बैंक स्तर पर आवेदन निरस्त किया जाना, योजना के सफल क्रियान्वयन में बाधा उत्पन्न करता है। विगत दिनों कलक्ट्रेट में आयोजित बैठक में जिलाधिकारी ने विभिन्न बैंक द्वारा आवेदन पत्रों को अस्वीकार करने के पीछे वास्तविक कारणों की जानकारी किए जाने के निर्देश दिए जाने के साथ ही छोटी छोटी तकनीकी त्रुटियों, दस्तावेजों की कमी या अन्य कारणों को समाप्त करते हुए आवेदनों को स्वीकार करने के निर्देश दिए थे। डीएम ने सभी बैंकर्स को निर्देशित किया था कि पात्र आवेदकों के साथ न्याय किया जाए और स्वरोजगार योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक जरूरतमंद युवाओं तक पहुंचाया जाए जिलाधिकारी संजीव रंजन और सीडीओ प्रखर कुमार सिंह शुक्रवार को भारतीय स्टेट बैंक शाखा चंडौस एवं गभाना पहुंचे। उन्होंने सीएम



युवा उद्यमी योजना में अस्वीकृत आवेदन पत्रों की जांच की। आवेदन पत्रों की जांच में कुछ आवेदन पत्र त्रुटिपूर्ण पाए गए, वहीं बैंक प्रबंधक चण्डौस के0पी0 सिंह द्वारा बताया कि अधिकतर आवेदकों द्वारा पशुपालन के लिए आवेदन किया है, जोकि योजना के अन्तर्गत नहीं आता है। एलडीएम राजेश सिंह कटारिया ने बताया कि चण्डौस शाखा को 100 एवं गभाना को 70 का लक्ष्य दिया गया है।

## पीएम इंटर्नशिप योजना के तहत 21 से 24 आयुवर्ग के बेराजगार युवा करें आवेदन

अलीगढ़ (पीएम इंटर्नशिप योजना के तहत 21 से 24 वर्ष के ऐसे युवा अभ्यर्थी जो हाईस्कूल, इंटरमीडिएट, आईटीआई, डिप्लोमा, स्नातक उत्तीर्ण कर चुके हैं और पूर्णकालिक रोजगार में न हो व कहीं अध्ययनरत न हो, वह इस योजना में आवेदन कर सकते हैं।नोडल प्रधानाचार्य राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान राजेश गौतम ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि इंटर्नशिप में शामिल होने के लिए अलीगढ़ में 14 कंपनियों के 122 पदों के लिए विज्ञप्ति जारी की गई है, जिसमें रिलायंस इंडस्ट्रीज लि0, पॉवर ग्रिड कारपोरेशन ऑफ इंडिया लि0, हिन्दुस्तान पेट्रोलियम, इंडियन ऑयल, इंडसंड बैंक, डॉ0 लाल पैथ लैब आदि शामिल हैं। उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत चयनित अभ्यर्थी को जोइनिंग के उपरांत आकस्मिक खर्चे के लिए एकमुश्त 6000 रूपये एवं 12 माह तक न्यूनतम मासिक 5000 रूपये तक का भुगतान किया जाएगा। अधिक से अधिक युवा वेबसाइट चउपदजमतदीपच.उब.हवअ.पदध्सवहपदध पर आवेदन कर इसमें भाग ले सकते हैं।

## राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 10 मई को

अलीगढ़ माननीय राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं उ०प्र० राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार, माननीय जिला न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण संजीव कुमार के दिशा निर्देशन में 10 मई शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन जिला न्यायालय, बाह्य स्थित न्यायालयों में एवं तहसील स्तर पर किया जाना है।अपर जिला जज पूर्णकालीन सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नितिन श्रीवास्तव ने उक्त जानकारी देते हुए बताया है कि राष्ट्रीय लोक अदालत में न्यायालयोंधविभागों में लम्बित विभिन्न प्रकृति के मामलों जैसे फौजदारी के शमनीय वाद, धारा 138 एनआईएक्ट, धन वसूली वाद, मोटर दुर्घटना प्रतिकर वाद, श्रम वाद, विद्युत अधिनियम एवं जलकर से सम्बन्धित वाद, पारिवारिक एवं वैवाहिक वाद, भूमि अर्जन वाद, सेवा सम्बन्धित वाद अन्य दीवानी वाद, अन्य प्रकृति के बाद जो न्यायालयों में छोटेछोटे प्रकृति के मामलें लम्बित हो एवं उक्त के अतिरिक्त पारिवारिक, वैवाहिक विवादों के प्रीलिटिगेशन मामलों व प्रीलिटिगेशन स्तर पर विभिन्न बैंको, वित्तीय संस्थाओं एवं विभागों में लम्बित, प्रीलिटिगेशन स्तर के मामलों का भी निस्तारण आपसी सुलह समझौता के आधार पर किया जाना है। उन्होंने वादकारीगण से अपेक्षा की है कि वे अपने मामले का निस्तारण राष्ट्रीय लोक अदालत में कराने के इच्छुक हो तो वह अपना प्रार्थना पत्र सम्बन्धित न्यायालय या कार्यालय को नियत तिथि से पूर्व प्रेषित करके राष्ट्रीय लोक अदालत का लाभ उठायें।

## 7.79 करोड़ के नोटिस के बाद अब GST विभाग की नजर में जूस बेचने वाला रईस

अलीगढ़ की कचहरी में जूस बेचने वाले रईस की परेशानियां खत्म होने का नाम नहीं ले रहीं। आयकर विभाग से 7.79 करोड़ रुपये के नोटिस के बाद अब राज्य जीएसटी विभाग ने भी उसकी कंपनियों का रिकॉर्ड तलब किया है। रईस द्वारा पंजीकृत ष्खान ट्रेडर्सष् नामक कंपनी की जांच की जा रही है, जो पांच साल पहले शुरू की गई थी। 9 अप्रैल को जीएसटी विभाग के अधिकारी रईस से पूछताछ करने पहुंचे, लेकिन रईस ने कोई जानकारी देने से इनकार कर दिया। विभाग अब यह भी जांच कर रहा है कि कंपनी के पंजीकरण के समय किस अधिकारी ने सत्यापन किया था। एडिशनल कमिश्नर एसएस तिवारी के अनुसार, मुख्यालय से कंपनियों का ब्यौरा मांगा गया है, जिसे जल्द भेजा जाएगा।

## भाजपाई उड़ा रहे यातायात नियमों की धज्जियां, बिना हेलमेट निकाली बाइक रैली, विधायक–जिलाध्यक्ष

टप्पल में निकली रैली में विधायक, जिलाध्यक्ष सहित कई दिग्गज शामिल हुए। सभी बिना हेलमेट बाइकों सहित रैली में शामिल हुए। यह आयोजन भाजयुमो की ओर से किया जा रहा है।प्रदेश सरकार के आठ वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भाजपा द्वारा निकाली जा रही बाइक रैलियों में यातायात नियमों की धज्जियां उड़ाई जा रहीं हैं। 10 अप्रैल को टप्पल में निकली रैली में विधायक, जिलाध्यक्ष सहित कई दिग्गज शामिल हुए। सभी बिना हेलमेट बाइकों सहित रैली में शामिल हुए। यह आयोजन भाजयुमो की ओर से किया जा रहा है।टप्पल में बाइक रैली कमालपुर मोड़ से प्रारंभ होकर जट्टारी और टप्पल होते हुए स्यारौल मोड़ पर संपन्न हुई। जिसमें मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष चौ. कृष्णपाल सिंह, खैर विधायक सुरेंद्र दिलेर और कोयला मंत्रालय की निदेशक चौ. शशि सिंह ने रैली का शुभारंभ किया। आयोजन में यात्रा संयोजक भाजपा युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष प्रमेंद्र पाल सिंह गुड्डू, यश चौधरी, कन्हैया चौधरी, अखिलेश शर्मा, मानू चौधरी, मोहित चौधरी, आकाश चौधरी, सुदामा शर्मा, कल्लन चौधरी, पीयूष, मोहित लोधी, आशीष बघेल आदि मौजूद रहे। सभी बिना हेलमेट के थे।इधर, छर्रा में भाजयुमो की बाइक रैली का शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष ठा. विजय सिंह एवं भाजयुमो जिलाध्यक्ष धर्मवीर सिंह लोधी ने किया। रैली में जिला मंत्री भाजयुमो सुमित माहेश्वरी, जिला उपाध्यक्ष ठा. मनोज सिंह, मंडल अध्यक्ष अंकित गुप्ता, विपुल सिंह राजपूत, कौशलेंद्र ठाकुर, बिट्टू वार्ष्णेय, राजेश गुप्ता बाबा, मानवेंद्र चौधरी आदि मौजूद रहे। यहां भी सभी बिना हेलमेट शामिल हुए। यह रैली संदेश देने के लिए निकाली जा रही हैं। आज वे खुद शामिल हुए थे।

## दिव्यांगजन दुकान निर्माण व दुकान संचालन योजना के तहत करें आवेदन

अलीगढ़ 11 अप्रैल 2025 (सू0वि0)रू जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी रोहित कुमार ने बताया कि दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा दुकान संचालन के लिये 10 हजार रूपये जिसमें से 2500 रूपये अनुदान एवं 7500 रूपये का ऋण और दुकान निर्माण के लिये 20 हजार रूपये जिसमें से 5000 रूपये का अनुदान व 15000 रूपये का ऋण 4 प्रतिशत वार्षिक की ब्याज दर पर प्रदान किया जाता है। श्री कुमार ने बताया कि योजनाओं के तहत 18 से 60 वर्ष के ऐसे व्यक्ति जो 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांग हो, जिनकी वार्षिक आय शासन द्वारा गरीबी रेखा के लिए निर्धारित आय सीमा के दो गुने से अधिक न हो, किसी आपराधिक अथवा आर्थिक मामले में सजा न मिली हो एवं उन पर किसी प्रकार की सरकारी धनराशि देय न हो आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि इच्छुक पात्र अभ्यर्थी समस्त अभिलेखों सहित किसी जनसेवाध्लोकवाणी केन्द्र से अथवा स्वयं http//divangjandukan-upsdc-gov.पद पर आनलाइन आवेदन कर सकता है। अभ्यर्थी आनलाइन आवेदन की प्रति के साथ सभी अभिलेखों को संलग्न कर विकास भवन स्थिति जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण कार्यालय कमरा नं0 8 में किसी भी कार्य दिवस में जमा करा सकते हैं तथा योजना से सम्बन्धित और अधिक जानकारी जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

## अलीगढ़ में 15 अप्रैल से बढ़ेंगे सर्किल रेट, कुछ क्षेत्रों में 6% तक इजाफा

अलीगढ़ जिले में तीन साल बाद सर्किल रेट में 15 अप्रैल से बढ़ोतरी होने जा रही है। प्रशासन ने 9 अप्रैल को आई सभी 64 आपत्तियों का निस्तारण करते हुए नए सर्किल रेट को मंजूरी दे दी है। कुछ क्षेत्रों में सर्किल रेट में 60ः तक का इजाफा हुआ है, खासकर जेवर से सटे अलीगढ़ के इलाकों में। डीएम संजीव रंजन की अध्यक्षता में हुई बैठक में पुराने शहर में 15–25ः, बाईपास से लगे गांवों में 20–50ः, और अन्य प्रमुख सड़कों व कॉलोनियों में भी 25–40ः तक रेट बढ़ाए गए हैं। हालांकि ग्रेटर अलीगढ़ की कृषि भूमि के रेट यथावत रखे गए हैं। सर्किल रेट निर्धारण में प्रॉपर्टी की लोकेशन, उपयोग, बाजार मूल्य और आसपास की सुविधाओं को आधार बनाया गया है। अब नए रेट 15 अप्रैल से जिले में लागू होंगे।

## हाथरस में विद्युत हाईटेंशन लाइन से हादसा छत पर गई मां–बेटी गंभीर रूप से झुलसीं, अलीगढ़ मेडिकल कॉलेज रेफर

हाथरस के सिकंद्राराऊ में एक हादसा सामने आया है। गांव सराय में एक मकान की छत पर गई महिला और उसकी बेटी हाईटेंशन लाइन की चपेट में आ गईं। दोनों को गंभीर हालत में अलीगढ़ मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है।घटना ओमवीर सिंह के मकान पर हुई। उनकी पत्नी आरती अपनी छोटी बेटी के साथ छत पर गई थी। इसी दौरान दोनों हाईटेंशन लाइन की चपेट में आ गए। स्थानीय लोगों ने तुरंत दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया।प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने दोनों को अलीगढ़ मेडिकल कॉलेज भेज दिया। इसके बाद काफी देर तक बिजली गुल रही। बाद में विद्युत कर्मचारियों ने वहां पहुंचकर विद्युत लाइन दुरुस्त की।जर्जर विद्युत लाइन हटाई जाएं... ग्रामीणों का कहना है कि मकानों के ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन लाइन जर्जर हालत में है। इसे हटाने के लिए कई बार विभागीय अधिकारियों से शिकायत की गई। लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। पिछले दो साल में इसी लाइन की चपेट में आने से दो लोगों की मौत हो चुकी है। कई लोग घायल भी हुए हैं। ग्रामीणों ने जर्जर लाइन को तुरंत हटाने की मांग की है।

## ख्यात न्यूरोसर्जन डॉ. नागेश वार्ष्णेय ने बताए पार्किन्सन नाम की बीमारी के कारण और निवारण

विश्व पार्किन्सन डेअलीगढ़।हर वर्ष 11अप्रेल को विश्व पार्किंसन दिवस मनाया जाता है जिससे इस दिन लोगों को पार्किंसन की बीमारी के प्रति जागरूक कर इसे ज्यादा से ज्यादा लोगो में पहुंचाने का कार्य किया जाता है।इस बीमारी का नाम मशहूर वैज्ञानिक जेम्स पार्किंसन के नाम पर रखा गया था,जिन्होंने सबसे पहले इस बीमारी को पहचान कर इस पर निबन्ध लिखा था जबकि पहले इसको शेकिंग पाल्सी नाम से जाना जाता था।यह एक धीरे धीरे बढ़ने वाली न्यूरोलॉजिकल बीमारी है,जिसमें शरीर में कंपन,जकड़न व चलने में असंतुलन होने लगता है।जबकि लक्षण आमतौर पर धीरे–धीरे शुरू होते हैं और समय के साथ खराब तथा और बढ़ते जाते हैं।इतना ही नहीं 65 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों में ही ये बीमारी ज्यादातर देखने को मिलती है परन्तु कम उम्र के लोगों में भी ये हो सकता है। ये बातें इस दिवस पर लोगों को जागरूक करते हुए अभिश्री हॉस्पिटल के न्यूरोसर्जरी डिपार्टमेंट के हैड और अलीगढ़ के प्रख्यात न्यूरोसर्जन डॉ.नागेश वार्ष्णेय ने कहीं। इतना ही नहीं उन्होंने इस बीमारी के बारे में बताया कि पार्किंसंस रोग मस्तिष्क में उन तंत्रिका कोशिकाओं को प्रभावित करता है जो डोपामाइन रसायन का उत्पादन करते हैं,शरीर में एक रासायनिक दूत का काम करते हैं।जब किसी व्यक्ति को पार्किंसंस रोग होता है,तो ये डोपामाइन उत्पादक कोशिकाएं पतित हो जाती हैं और मस्तिष्क में उत्पन्न डोपामाइन की मात्रा कम हो जाती है जिससे शरीर पर नियंत्रण कम होता जाता है।उन्होंने पार्किंसंस रोग के लक्षण बताते हुए कहा कि आमतौर पर यह शरीर के एक तरफ से शुरू होता है और यह बीमारी बढ़ने पर पूरा शरीर प्रभावित हो सकता हैसइस बीमारी में कंपन,धीमी चाल,कठोरता,चेहरे के भावों में कमी,मुद्रा में परिवर्तन,चलने या संतुलन की समस्या होती है।उन्होंने कहा कि अधिकतर मरीज मुख्य दवा जैसे लेवोडोपा,पार्किन व अन्य दवाओं के कॉम्बिनेशन और फिजियोथेरेपी से भी ठीक हो जाते हैं,किंतु कुछ केस ऐसे होते जो दवा से सही नहीं हो पाते और दवाइयों के साइड इफेक्ट बहुत ज्यादा होने लगते हैं तब ऐसे मरीजो में न्यूरो सर्जरी का रोल अहम हो जाता है।इसमें मुख्यतःदो तरह की सर्जरी की जाती है,जिनमें पहली डीप ब्रेन स्टिमुलेशन होती है जिसमें कुछ पतले वायर,इलेक्ट्रोड और स्टिमुलेटर, इम्प्लांट का इस्तेमाल करके अनियंत्रित दिमागी तरंगों को नियंत्रित किया जाता है लेकिन ये काफी महंगी सर्जरी होती है।इसके अलावा लेसिओनिंग सर्जरी में दिमाग के उन हिस्सों में कट लगाए जाते है,जो अनियंत्रित हो जाते हैं लेकिन सर्जरी से पहले काफी जांचे कराना जरूरी होता है।इसीलिए इस बीमारी के लक्षण दिखते ही उचित चिकित्सक से इलाज कराना शुरू कर देना चाहिए।

चौत्र पूर्णिमा और हनुमान जयंती का पावन पर्व 12 अप्रैल को हस्त नक्षत्र और जयद योग में मनाया जाएगा। इस दिन दक्षिणी संप्रदाय के लोग हनुमान जन्मोत्सव मनाएंगे। इस दिन श्री हरि विष्णु के साथ हनुमान जी का विधिवत पूजन किया जाएगा।

# कासगंज में महिला की हत्या, पति की मौत के बाद देवर से कराई थी शादी, परिजन बोले दहेज के लिए मार डाला

कासगंज : थाना सहावर क्षेत्र के मोहनपुर में पति की मौत के बाद देवर के साथ महिला की शादी करा दी गई। बुधवार देर सायं महिला की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। मायके पक्ष के लोगों ने अतिरिक्त दहेज की खातिर महिला की हत्या करने का आरोप लगाया है। परिजनों ने आठ लोगों के खिलाफ तहरीर देकर मामले में कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले में जांच–पड़ताल शुरू कर दी है। बदायूं जनपद के कादरचौक के गांव पोहर निवासी विद्याराम ने बताया उन्होंने अपनी बहन माला की शादी 12 जुलाई 2024 को सहावर थाना क्षेत्र के गांव मोहनपुर निवासी अनमोल पुत्र श्रीनिवास के साथ की थी। शादी के बाद अक्टूबर में अनमोल की मृत्यु हो गई। इसके बाद माला अपने मायके चली गई। होली पर अनमोल का भाई अजय और उसके परिजन माला को दोबारा बुलाकर घर ले आए। जहां ससुरालीजनों ने माला की शादी देवर अजय के साथ मंदिर में करा दी। अजय की शादी के बाद से ससुरालीजन माला से एक लाख रुपये, अल्टो कार की मांग करने लगे। मांग पूरी न होने पर उसके ससुराल. ीजन मारपीट और उत्पीड़न करने लगे। इंतहा तो तब हो गई जब बुधवार देर सायं माला की हत्या कर आत्महत्या का रूप देने के लिए शव को फांसी के फंदे पर लटका कर फरार हो गए।

## मैनपुरी से एटा जा रही कार पलटीयुवक–युवती घायल, दोनों घूमने निकले थे प्राथमिक उपचार के बाद घर भेजा

एटा जिले के मलावन थाना क्षेत्र के कंगरौल के पास एक कार हादसे का शिकार हो गई। मैनपुरी से एटा की ओर आ रही तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में कार में सवार दो दोस्त घायल हो गए।राहगीरों ने तुरंत घायलों को एंबुलेंस की मदद से एटा स्थित मेडिकल कॉलेज पहुंचाया। घायलों की पहचान मैनपुरी निवासी आर्तिका जैन और सार्थक जैन के रूप में हुई। चिकित्सकों ने दोनों का प्राथमिक उपचार कर उन्हें घर भेज दिया।घायल सार्थक जैन ने बताया कि घटना सुबह 9 बजे के करीब की है। उन्होंने कहा कि वह और आर्तिका आपस में सामान्य दोस्त हैं और घूमने के लिए निकले थे। मैनपुरी से एटा की दूरी 60 किलोमीटर है।थाना प्रभारी मलावन रोहित राठी ने बताया कि हादसे की सूचना उन्हें जिला अस्पताल से मिली। कार सड़क किनारे लगे एल्यूमिनियम सपोर्टर से टकराई। हादसे वाली जगह से तीन नंबर प्लेट बरामद हुई हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## एटा में शस्त्र लाइसेंस समर्पण अभियान को मिली रही सफलता

एटा के जिलाधिकारी प्रेमरंजन सिंह की पहल पर चलाए जा रहे स्वैच्छिक शस्त्र लाइसेंस समर्पण अभियान को सफलता मिल रही है। अब तक 112 बुजुर्ग नागरिकों ने अपने शस्त्र लाइसेंस स्वेच्छा से जमा कर दिए हैं।जिले में कुल 32,000 लाइसेंसधारी हैं। इनके पास डबल बैरल बंदूक, रिवाल्वर, राइफल, रिपीटर, सेमी और माउजर जैसे हथियारों के लाइसेंस हैं। जिलाधिकारी ने शस्त्र लाइसेंस की बढ़ती मांग को देखते हुए यह अभियान शुरू किया है।अभियान के तहत विशेष रूप से उन बुजुर्ग लाइसेंसधारियों से अपील की गई है, जो शारीरिक रूप से कमजोर हैं और हथियार का उपयोग करने में असमर्थ हैं। जिलाधिकारी की इस अपील का सकारात्मक प्रभाव दिख रहा है।अपर जिला मजिस्ट्रेट सत्य प्रकाश सिंह ने बताया कि जिन लोगों ने अपने लाइसेंस समर्पित किए हैं, उन्हें जिलाधिकारी द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया है। यह अभियान जिले में लोगों के बीच जागरूकता बढ़ा रहा है।

## कुत्ते के काटने से 6 माह बाद युवक की मौत देसी इलाज कराया जा रहा था, अलीगढ़ ले जाते समय रास्ते में दम तोड़ा

कासगंज के नगला मोती आवास विकास क्षेत्र में एक आवारा कुत्ते के काटने से 30 वर्षीय युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान सुरेश के रूप में हुई है। वह लटूरी सिंह के पुत्र थे। सुरेश को करीब 6 महीने पहले गांव में एक आवारा कुत्ते ने काट लिया था। परिवार ने उनका देसी दवाओं से इलाज कराया।मोहल्ले के लोग डरे हुए हैं 10 अप्रैल की रात को अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई। परिजन रात करीब 1 बजे उन्हें जिला अस्पताल ले गए। डॉक्टरों ने उन्हें हायर सेंटर रेफर किया। लेकिन अलीगढ़ ले जाते समय रास्ते में ही सुरेश की मृत्यु हो गई।सुरेश किसान थे और खेती का काम करते थे। उनकी शादी एक साल पहले नगला मोहन में हुई थी। परिवार में उनके दो भाई हैं। इस घटना के बाद क्षेत्र में आवारा कुत्तों से बढ़ते खतरे को लेकर लोगों में चिंता बढ़ गई है।

## कासगंज स्कूल संचालकों की मनमानी को लेकर जमकर विरोध प्रदर्शन, डीएम को सौंपा ज्ञापन

कासगंज शुक्रवार को विद्यालय संचालकों की मनमानी को लेकर विरोध के स्वर उठे। कांग्रेस, बजरंग दल और सामाजिक संगठनों ने कलेक्ट्रेट कार्यालय पर धरना प्रदर्शन कर अभिभावकों के शोषण पर लगाम लगाने की मांग की। उनका कहना था कि स्कूल संचालकों की मनमानी के चलते पाठ्यक्रम और यूनिफॉर्म के नाम पर अभिभावकों की जेब पर डाका डाला जा रहा है। प्रशासन द्वारा अभियान चलाकर पुस्तक विक्रेताओं और स्कूल संचालकों के खिलाफ कार्रवाई की जाए।कांग्रेस के जिलाध्यक्ष मनोज पांडेय के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने मोटरसाइकिलों से प्रभु पार्क से जिलाधिकारी कार्यालय तक प्रदर्शन किया। जिलाधिकारी कार्यालय पर धरना प्रदर्शन के बाद सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ महामहिम राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा गया। जिलाध्यक्ष मनोज पांडेय ने बताया कि हर विद्यालय अपना अलग कोर्स बनाकर अपनी बताई दुकानों से अभिभावकों को खरीदारी करने के लिए बाध्य करता है। शिक्षा को कारोबार बना दिया गया है। यह पूरी तरह बंद होना चाहिए।मुनेंद्र पाल सिंह राजपूत ने कहा कि सरकार को हस्तक्षेप कर जनता का शोषण बंद कराना चाहिए। युवा कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष अमित यादव भय्यू ने कहा कि स्कूल और दुकानदार मिलकर जनता को लूट रहे हैं। राष्ट्रीय छात्र संगठन के जिलाध्यक्ष दीपक धनगर ने कहा कि अगर यह लूट बंद नहीं हुई तो छात्र संगठन इनके विरुद्ध बड़े स्तर



पर आंदोलन करेगा।सौरभ पाल, योगेश श्रीवास्तव, दीप कुमार पांडेय, जिलाध्यक्ष सतेंद्रपाल सिंह, डॉ. मोहम्मद मियां, कमल कुमार गुप्ता, संजीव सिसोदिया, रमेश धनगर, नूर मोहम्मद नूरी, मुन्नी देवी, धर्मेश शर्मा एडवोकेट, धर्मेंद्र सिसोदिया एडवोकेट, श्याम बाबू चंचल, अली हसन सोहराब, जतिन पाल, अभिषेक दुबे, चौतन्य प्रकाश, गुड्डू, अभय, रतन माहेश्वरी, राजा सलमानी, संतोष कुमार, सर्वेश कठेरिया, पवन यादव, सुधीर गोला, वीरेंद्र सिंह, शिवम प्रताप सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।च. ेतावनीरू पाठ्यक्रम के रेट किए जाएं सार्वजनिक सामाजिक कार्यकर्ता हरवीर भारतीय और बजरंग दल का आरोप है कि स्कूल किताबों और यूनिफॉर्म के लिए मन. माने दाम वसूले जा रहे हैं। छात्रों को केवल स्कूल द्वारा चुनी गई दुकानों से ही सामान खरीदने के लिए मजबूर किया जाता है। यहां सामान बाजार मूल्य से कई गुना अधिक कीमत पर बेचा जाता है। स्कूल प्रबंधन हर साल यूनिफॉर्म का रंग, डिजाइन या प्रतीक चिह्न बदल देता है, जिससे अभिभावकों को हर साल नई यूनिफॉर्म खरीदनी पड़ती है।ट्यूशन फीस के अलावा बिल्डिंग फंड, स्मार्ट क्लास फंड, डेवलपमेंट फंड, कंप्यूटर फंड और इवेंट फंड जैसे कई अतिरिक्त शुल्क भी लिए जाते हैं। अभिभावकों का कहना है कि इन फंड की कोई पारदर्शिता नहीं है। उनसे बिना किसी स्पष्ट विवरण के हजारों रुपये एक साथ जमा करने को कहा जाता है। यह व्यवस्था न केवल नियमों के खिलाफ है, बल्कि शिक्षा को केवल अमीरों तक सीमित कर रही है।जिला प्रशासन से मांग की गई है कि पाठ्यक्रम और यूनिफॉर्म के रेट निर्धारित कर उन्हें सार्वजनिक किया जाए। राजदिवाकर, सुशांत पाल, गौरी शंकर महेरे, राजा उपाध्याय, प्रिंस पाराशर, प्रशांत श्रोती, विपिन शाक्य, आकाश सैनी, और सामाजिक कार्यकर्ता हरवीर सिंह भारतीय के साथ संगठन के कार्यकर्ताओं राघवेंद्र कुमार, समीर वर्मा, सुल्तान सिंह, जयसिंह, गुड्डू यादव, सोनी, प्रिंस कुमार, सुमित सिंह, रामलखन सिंह, बृजभूषण सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## कासगंजः बाइक चुराई, पेट्रोल नहीं डलवाया. . युवकों ने दौड़कर चोर को दबोचा

गंजडुंडवारा संवावदाता इंद्रपाल राजपूत कोतवाली क्षेत्र में कई माह से वाहन चोर गिरोह सक्रिय है। वह पुलिस की सुस्ती का फायदा उठाकर एक के बाद एक वाहन चोरी की घटनाओं को अंजाम दे रहा था। लेकिन उसे क्या पता था कि अब ला. ेगों ने स्वयं ही सुरक्षा की कमान संभाल ली है, जो उन पर भारी पड़ सकती है। आखिर ऐसा ही हुआ, सक्रियता के चलते दो नवयुवकों ने एक वाहन चोर को दौड़कर दबोच लिया। वहीं तीन अन्य मौके पर चोरी की गई बाइक छोड़कर भागने में सफल रहे। युवकों की बहादुरी का यह मामला कस्बे में चर्चा में है और उनकी जमकर तारीफ हो रही है।वाहन चोर गिरोह के चार सदस्य गुरुवार दोपहर कोतवाली से कुछ दूरी पर स्थित वनखंडी मोहल्ले से महेश पाल के घर के बाहर खड़ी बाइक चोरी कर मौके से निकल गए थे। लेकिन उनकी योजना पर उस समय पानी फिर गया, जब मोहनपुर रोड पर पहुंचते ही चोरी की गई बाइक में अचानक पेट्रोल खत्म हो गया।दो चोर बाइक गली में खड़ी कर पेट्रोल की तलाश में इधर–उधर घूमने लगे। इसी दौरान एक चोर श्डेलीनीडश विक्रेता विपिन की दुकान पर पेट्रोल मांगने पहुंच गया। विपिन के भाई सतीश गुप्ता की पिकअप चोरी की घटना को चार नकाबपोश वाहन चोरों ने मंगलवार रात ही अंजाम दिया था। उन्हें युवक के हावभाव देखकर शक हुआ और वे उससे पूछताछ करने लगे। इसी दौरान चोर पकड़े जाने के डर से मौके पर चोरी की बाइक छोड़कर भाग खड़ा हुआ।दो युवकों ने दिखाई बहादुरी, एक को दबोचा अचानक पूछताछ पर पेट्रोल मांग रहे युवक के भागने से माहौल में हलचल मच गई। जब तक कोई कुछ समझ पाता, वहां मौजूद नवयुवक मन्नत और विशाल ने बहादुरी दिखाई और बाइक से पीछा कर एक वाहन चोर को धर दबोचा। हालांकि, अन्य तीन चोर दूसरी बाइक पर सवार होकर मौके से फरार हो गए। घटना की सूचना कोतवाली पुलिस को दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पकड़े गए वाहन चोर को अपनी गिरफ्त में ले लिया और मौके से बरामद महेश पाल की चोरी हुई बाइक को कब्जे में लेकर थाने ले गई। वहीं अन्य की तलाश जारी है।सीसीटीवी में कैद हुई घटना यह पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है, जो मौके से भागे अन्य वाहन चोरों को पकड़ने में पुलिस के लिए कारगर साबित हो सकती है। जो भी फुटेज देख रहा है, वह नवयुवकों की बहादुरी की सराहना कर रहा है। यह घटना उदाहरण है कि स्वयं सतर्क रहकर भी अपराधियों को पकड़ा जा सकता है।बाइक चोरी कर भाग रहे चार चोरों में से दो युवकों ने एक चोर को पकड़कर पुलिस के सुपुर्द कर दिया है। पुलिस उससे पूछताछ कर रही है कि अन्य चोर कहां के रहने वाले हैं। आरोपी को जेल भेजने की कार्रवाई की जा रही है, वहीं अन्य चोरों की तलाश में पुलिस लगी हुई है

## कासगंज ऑनलाइन गेम में हारा रकम, आहत युवक ने खुद को मारी गोली

कासगंज संवावदाता इंद्रपाल राजपूत ऑनलाइन गेम में रकम हारने के बाद युवक ने खुद को गोली मारकर सुसाइड करने का प्रयास किया है। खून से लथपथ युवक को उपचार के लिए अमांपुर सीएचसी में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए आगरा रेफर कर दिया है।गांव फफोता निवासी अजय सिंह यादव का 24 वर्षीय बेटा भानूप्रताप ऑनलाइन गेम का आदी था। अधिकांश समय वह मोबाइल पर गेम खेलता रहता था। परिजनों ने बताया कि गुरुवार की सुबह भानूप्रताप ने ऑनलाइन गेम में अच्छी–खासी रकम हार दी थी, जिससे वह डिप्रेशन में चला गया और गुमसुम रहने लगा। शुक्रवार दोपहर को भानू ने कमरा बंद कर देसी तमंचे को कनपटी पर सटाकर गोली मार ली। गोली की आवाज सुनकर भानू की भाभी कमरे की ओर दौड़ पड़ी।भानू खून से लथपथ होकर जमीन पर गिर पड़ा। घटना की जानकारी परिजनों को दी गई, जो उस समय खेत में गेहूं की कटाई कर रहे थे। घायल अवस्था में परिजन उसे लेकर अमांपुर सीएचसी पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे आगरा के लिए रेफर कर दिया। थानाध्यक्ष सुमित त्रिपाठी ने बताया कि युवक ने नाजायज तमंचे से खुद को गोली मारी है। युवक को गंभीर हालत में आगरा रेफर किया गया है। परिजनों द्वारा अभी तक कोई तहरीर नहीं दी गई है। तहरीर मिलने पर विधिक कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

## एटा के कोतवाली नगर क्षेत्र में बुधवार को एक बुजुर्ग मुनीम के साथ टप्पेबाजी की वारदात सामने आई

**एटा संवावदाता इंद्रपाल राजपूत** के कोतवाली नगर क्षेत्र में बुधवार को एक बुजुर्ग मुनीम के साथ टप्पेबाजी की वारदात सामने आई है। बाला जी कांफैक्शनरी में मुनीम का काम करने वाले उदयपाल निवासी नगला धनी के साथ यह घटना हुई।उदयपाल अपने मालिक से 50 हजार रुपए लेकर बलीमोहम्मद चौराहे के पास बीड़ी, पान और तंबाकू खरीदने जा रहे थे।इसी दौरान रास्ते में सफारी सूट पहने दो अज्ञात व्यक्तियों ने उन्हें रोका। दोनों ने रास्ता पूछने के बहाने उदयपाल को बातों में उलझा लिया। इस दौरान आरोपियों ने उन्हें कुछ नशीला पदार्थ सुंघा दिया, जिससे वह बेहोश हो गए।जब उदयपाल को होश आया, तो उनके पास से 50 हजार रुपए गायब थे। पीड़ित ने कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई है।थाना प्रभारी अमित कुमार सिंह ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। उन्होंने कहा कि अज्ञात आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली गई है। पुलिस जल्द ही मामले का खुलासा करने का दावा कर रही है।

## प्राइवेट स्कूलों की मनमानी पर कांग्रेसियों का विरोध प्रदर्शन कॉपी–किताब और यूनिफॉर्म के बढ़ते दामों को लेकर डीएम को सौंपा ज्ञापन

एटा में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्राइवेट स्कूलों की मनमानी के खिलाफ आवाज उठाई है। कार्यवाहक जिला अध्यक्ष ठाकुर अनिल सिंह सोलंकी के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने राज्यपाल के नाम एक ज्ञापन उप जिलाधिकारी राजकुमार सिंह मौर्य को सौंपा।नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत के साथ स्कूलों में कॉपी, किताब और यूनिफॉर्म की मांग बढ़ गई है। स्कूल प्रबंधन मनमाने दाम वसूल रहे हैं। कांग्रेस नेताओं का आरोप है कि प्राइवेट स्कूल न सिर्फ फीस में बेतहाशा वृद्धि कर रहे हैं, बल्कि स्कूल सामग्री पर भी भारी कमीशन ले रहे हैं।कांग्रेस नेताओं ने राज्यपाल से मांग की है कि स्कूल फीस के लिए एक निश्चित मानक तय किया जाए। साथ ही कॉपी, किताब और यूनिफॉर्म निर्धारित मूल्य पर ही उपलब्ध कराई जाए। उनका कहना है कि वर्तमान स्थिति में गरीब परिवारों के लिए बच्चों की पढ़ाई कराना मुश्किल हो गया है।इस मौके पर चंद्रकांत गांधी, नेमा दिवाकर, निर्मला देवी, सुभाष गंगवार, गीतम सिंह राजपूत समेत कई कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद थे।

**सूचना**

**विज्ञापन एवं विज्ञप्ति के लिए सम्पर्क करें**

**कार्यालयः सरोज नगर गली न. 5, क्वार्सी बाईपास रोड, अलीगढ़**

**हैल्पलाइन न.**

**8218049162,9870916612**

**जननायक सम्राट**

**हिन्दी साप्ताहिक**

मालिक,मुद्रक, प्रकाशक आरती वर्मा द्वारा आशु प्रिंटिंगप्रेस,अचलताल अलीगढ़ से मुद्रितकराकर . कार्यालय सरोज नगर गली नम्बर 5,अलीगढ़ से प्रकाशित

सम्पादक-अमित कुमार वर्मा

सभी विवाद का न्याय क्षेत्र जनपद